तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 22 जुलाई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 मुख्यमंत्री आगमन की तैयारी, कलेक्टर ने किया स्थल निरीक्षण



11 निजी स्कूल एसोसिएशन के शिक्षकों को मिला ...



स्थापना वर्ष 2014
VIPS
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION | CAREER GUIDANCE | ADMISSION
COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य है।
मो.: 9340751120, 9131330801, 7869622725
गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
पता : कोबिया सृजन ITI के पीछे, बेमेतरा (छ.ग.)
योग्यता - 12वीं (जीव विज्ञान)
COURSES
BACHELOR IN MED.LAB.TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB.TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Years

B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

विरोध

आंदोलन में नपं भिभौरी, बेरला और ग्रामीण अंचल के उपभोक्ता हुए शामिल

# बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेस ने घेरा दफ्तर



हरिभूम न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधानसभा के बेरला ब्लॉक स्थित नगर पंचायत भिभौरी में कांग्रेस ने विद्युत मंडल कार्यालय का घेराव किया और रैली निकाल प्रदर्शन किया। इसमें जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने भी शिरकत की।

इस दौरान आम जनता तथा कार्यकर्ताओं के बीच जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ में सत्ता संभाले 2 वर्ष भी नहीं हुए हैं और इन दो वर्षों में भाजपा ने राज्य की जनता को चार बार विद्युत टैरिफ बढ़ाने की सौगात दी है, और तो और नगर पंचायत भिभौरी, बेरला तथा ग्रामीण अंचलों में चार-चार, छह-छह घंटे की बिजली कटौती की जा रही है।

घर के विद्युत बिलों में अनाप-शनाप बिलिंग की शिकायतें क्षेत्र से लगातार प्राप्त हो रही है। राज्य की भाजपा सरकार किसानों को ना तो खाद दे पा रही है और ना ही बिजली। भाजपा का काम केवल लूटने का है और पूरी बीजेपी पार्टी उस काम में लगी है।

यही कारण है कि आज भाजपा जनप्रतिनिधियों को बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के न प भिभौरी में हो रही विद्युत कटौती तथा अनाप-शनाप बिजली बिल की शिकायतें नहीं दिख रही हैं। उन्होंने कहा कि अगर व्यवस्थाएं नहीं सुधरी तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी, इससे भी बड़ा प्रदर्शन और कार्यवाही करेगी।

## ये रहे मौजूद

इस दौरान बेरला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामेश्वर देवांगन तथा जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि परगनिया, जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री ललित विश्वकर्मा, शुभम वर्मा, नवाज खान, चन्द्र विजय धीवर, नेतराम निषाद, निहाल परगनिया, रवि साहू, निलेश वर्मा, नरेंद्र धीवर, प्रकाश यादव, मोहित धीवर, बुद्धदेव नेवल, वीणा साहू, विक्की साहू, राजेंद्र वर्मा, तुलाराम धीवर, मोतीलाल साहू, दुर्गेश साहू, टीकम वर्मा, किशन साहू, भूषण साहू, रास बिहारी कुर्रे, भारत भूषण साहू, सुमित राजपूत, प्रवीण शर्मा, जयंत जांगड़े, बबली सोनवानी, किशन साहू, कृष्णा चतुर्वेदी, दिगंबर परगनिया, लोकनाथ यादव, रमेश पाटिल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित थे।

# चैतन्य की गिरफ्तारी पर कांग्रेस का प्रदर्शन जनविरोधी : भाजपा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भाजपा कार्यालय में सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस बताएं कि भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल कांग्रेस के किस पद पर है, जिस व्यक्ति का कांग्रेस में कोई पद नहीं उसे व्यक्ति के लिए कांग्रेस प्रदेश में प्रदर्शन कर रही है। इसका साफ मतलब है।

भूपेश बघेल ने पूरी कांग्रेस को पुत्र मोह में झोंक दिया है। चंद्राकर ने कहा हमने पहले भी बड़े-बड़े ऐसे उदाहरण देखे हैं, जिसमें लोगों ने पुत्र मोह में खुद को भी बर्बाद किया और अपने पूरे साम्राज्य को भी बर्बाद किया। भूपेश बघेल इस दिशा में काम करते हुए दिखाई दे रहे हैं। भूपेश बघेल और कांग्रेस भ्रष्टाचारियों को बचाने पूरे प्रदेश की जनता को परेशान कर रही है और साथ ही उनका आर्थिक रूप से नुकसान भी करने जा रही है जो की प्रदेश की जनता स्वीकार नहीं करेगी।

भाजपा ने पत्रकार वार्ता में तथ्यों एवं दस्तावेज प्रेजेंटेशन के माध्यम से उन्होंने कहा कि कांग्रेस चोरी और सीनाजोरी का उदाहरण बार-बार प्रस्तुत कर रही है। आप सबको पता होगा कि अपने शासनकाल के पाँच वर्ष में भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को दस जनपथ का चारागाह बना दिया था। चंद्राकर ने कहा कि शराब घोटाले, कोयला घोटाले, चावल घोटाले, गोठान घोटाले से लेकर पीएससी घोटाले तक में इसने प्रदेश के संसाधनों को जम कर लूटा था, आज इन घोटालों के आरोपी एक एक कर नप रहे हैं। सभी जेल जा रहे हैं। चंद्राकर ने कहा कि बेवजह जिस तरह अपराधियों के विरुद्ध हो रही कानून सम्मत कार्रवाई को कहीं और मोड़ा जा रहा है, वह दुर्भाग्यजनक और कांग्रेस में हिप्पोक्रेसी का सबसे बड़ा नमूना है।

पत्रकार वार्ता में दीपेश साहू विधायक बेमेतरा, अवधेश चंदेल प्रदेश मंत्री भाजपा, विजय सिन्हा नगर पालिका अध्यक्ष, ललिता साहू महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष, हेमा दिवाकर जनपद अध्यक्ष बेमेतरा, संजीव तिवारी मीडिया प्रभारी, युगल देवांगन मंडल अध्यक्ष शहर, हर्षवर्धन तिवारी, प्रनीश रजक मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### जेल के बाथरुम में बंदी ने लगाई फांसी, जांच जारी

**भिलाई।** सेंट्रल जेल दुर्ग में एक विचारधीन बंदी ने बाथरूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पद्मनाभपुर पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम देवरी धमधा निवासी किशुन साहू (35 वर्ष) जेल में बने बाथरूम में बेडशीट को फंदा बनाकर फांसी में झूल गया। किशुन वर्ष 2024 से पत्नी की हत्या के मामले में सेंट्रल जेल दुर्ग में सजा काट रहा था।मृतक जेल के बैरक नंबर 20 में था। वो शौचालय गया और वहां फांसी लगा ली।

ISBM UNIVERSITY
KNOWLEDGE WISDOM HUMANITY
BCI Bar Council of India
Association of Indian Universities
Chhattisgarh Private Universities Regulatory Commission
UGC University Grant Commission
All India Council for Technical Education
PCI Pharmacy Council of India
ADMISSION OPEN 2025-26
UNLOCK YOUR FUTURE WITH
ISBM UNIVERSITY
CHOOSE A UNIVERSITY THAT PUTS YOU FIRST!
AACSB ACCREDITED
INTERNATIONAL ASSOCIATION OF UNIVERSITIES
NAAC ACCREDITED
NOW IN RAIPUR CITY!
PHARMACY
LAW
INFORMATION & TECHNOLOGY
LIBRARY & INFORMATION SCIENCE
COMMERCE
JOURNALISM & MASS COMM.
MANAGEMENT
DESIGN
ENGINEERING & TECHNOLOGY
SCIENCE
ARTS & HUMANTIES
YOGA & NATUROPATHY
NATIONAL & INTERNATIONAL COLLABORATIONS
10,000+ Students & Alumni
25+ Awards & Recognitions
150+ Recruiter Network
200+ National & International conferences
50+ MOU & Tieups
750+ Research Published
20+ Patents
₹2.5cr+ Research Fellowship
WWW.ISBMUNIVERSITY.EDU.IN
+91 9109333333, +91 9109244444
Raipur Campus - ISBM University, Ring Road No. 1, Near Sarona Bridge, Tatibandh, Raipur, Chhattisgarh- 492099
Main Campus - ISBM University, Nawapara (Kosmi), Block & Tehsil- Chhura, Gariyaband (Chhattisgarh) 493996
Shreeram Addiction



## खबर संक्षेप



### सीएम से मिला निषाद समाज का प्रतिनिधि मंडल

**दुर्ग।** जिला निषाद समाज सहित प्रदेश स्तर के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से भेंट कर समाज की विभिन्न जनकल्याणकारी मांगों और समस्याओं पर चर्चा की। यह मुलाकात समन्वय समिति मछुआरा समाज का सामूहिक राष्ट्रीय संगठन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री कोमल देव निषाद के नेतृत्व में हुई। मुख्यमंत्री ने समाज के मुद्दों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर निषाद समाज द्वारा हाल ही में आयोजित सामूहिक आदर्श विवाह कार्यक्रम में हितग्राहियों को शासन से मिलने वाली सहायता राशि के विलंब पर उचित कार्यवाही की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर निवासी साक्षी निषाद की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के मामले में न्याय की मांग की और जीवित शिशु के पालन-पोषण हेतु सरकार से उचित मुआवजा राशि दिए जाने की अपील की। विष्णु निषाद के नाम किसी शासकीय विद्यालय का नाम रखने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय संगठन मंत्री समन्वय समिति आनंद निषाद, पूर्व प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ निषाद समाज, मनोहर लाल निषाद, प्रदेश महासचिव वीरेंद्र कुमार निषाद, दुर्ग जिला अध्यक्षए युवा प्रको मनीष निषाद, रामचरण निषाद एवं झूमुक लाल निषाद उपस्थित रहे।

### स्वच्छाग्रहियों को सुरक्षा किट दवाइयों का किया गया वितरण

**दुर्ग।** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे की अध्यक्षता में जनपद पंचायत दुर्ग सभागार में स्वच्छाग्रही स्व सहायता समूह की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 81 ग्राम के 150 स्वच्छाग्रही उपस्थित हुए। ग्राम पंचायतों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत घर-घर कचरा एकत्रीकरण कर रहे स्वच्छाग्रही समूह के सदस्यों को स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से दवाइयों के किट का वितरण किया गया, जिसे प्राथमिक उपचार के रूप में स्वच्छाग्रही द्वारा उपयोग किया जायेगा। सहायक परियोजना अधिकारी पिताम्बर यादव द्वारा ग्राम स्तर पर आ रही चुनौतियों पर चर्चा की गई। स्वच्छाग्रहियों द्वारा जानकारी दी गई कि 36 ग्राम में 01 दिन, 23 गांव में 02 दिन, 04 गांव में 03 दिन, 04 गांव में 06 दिन एवं 14 गांव में 07 दिन घर-घर कचरा एकत्रीकरण का कार्य किया जा रहा है। ग्राम पंचायत द्वारा कुछ ग्राम पंचायतों में 05 से 06 माह से मानदेय नहीं दिया गया है, जिस पर बजरंग दुबे द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए लंबित मानदेय का तत्काल भुगतान किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

### 4 से 11 अगस्त तक विभागीय परीक्षा

दुर्ग। छत्तीसगढ़ शासन गृह-सी विभाग द्वारा 4 से 11 अगस्त तक विभागीय परीक्षा आयोजित करने कार्यक्रम घोषित किया गया है। संभाग आयुक्त कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार दुर्ग संभाग अंतर्गत विभागीय परीक्षा का आयोजन भिलाई प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी) दुर्ग को परीक्षा केन्द्र नामांकित किया गया है।

# बेटियों को बताई सही कॅरियर के चुनाव की महत्ता व माता-पिता की भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर शासकीय हाई स्कूल, कृष्णा नगर, सुपेला में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत एक दिवसीय कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके जाम्बुलकर एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अजय साहू के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर शाला की प्राचार्या शिखा तिवारी, समस्त शिक्षकगण एवं महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) से विनिता गुप्ता (जिला मिशन समन्वयक), लक्ष्मीकांत यादव (जेंडर विशेषज्ञ), शिल्पी उपाध्याय (वित्तीय साक्षरता एवं समन्वयक विशेषज्ञ), एकीकृत बाल संरक्षण इकाई से लोकगणी साहू (सामाजिक कार्यकर्ता), सखी वन स्टॉप सेंटर से शअसंती साहू (केन्द्र प्रशासक) एवं कविता डोरले (परामर्शदाता) की उपस्थित रहें।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत कॅरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन

### कॅरियर के लिए किया जागरुक

कार्यशाला के माध्यम से किशोरी बालिकाओं को कैरियर के प्रति जागरूक करना, लक्ष्य निर्धारण में सहयोग देना एवं विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में रोजगार कार्यालय एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र उपसंचालक वीके केडिया ने किशोरी बालिकाओं को लक्ष्य निर्धारण, रोजगार के प्रकार, सही कैरियर के चुनाव की महत्ता एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कब व कैसे की जानी चाहिए, के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। चिरंजीवी जैन, पेरेंटिंग एक्सपर्ट ने करियर निर्माण में माता-पिता की भूमिका तथा आत्मविश्वास के महत्व पर बल दिया। वहीं परियोजना समन्वयक चन्द्रप्रकाश पटेल चाइल्ड लाइन ने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, किशोरी सुरक्षा तथा पॉक्सो एक्ट की जानकारी देकर बालिकाओं को जागरूक किया।




### सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

महिला सशक्तिकरण केंद्र की टीम द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना के तहत बालिकाओं को शिक्षित कर उन्हें समाज में सम्मान दिलाना, सामाजिक परिवर्तन के माध्यम से लिंगानुपात में सुधार, महतारी वंदन योजना, नोनी सुरक्षा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बालिकाओं के लिए वित्तीय सुरक्षा को प्रोत्साहन करना व भविष्य की शिक्षा और विकास के संबंध में जानकारी दी। साथ ही सखी वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं के माध्यम से संकट में फंसी महिलाओं को एक ही छत के नीचे सहायता प्रदान करने की व्यवस्था की जानकारी दी गई।

## दुविधा : दो साल पहले ले के प्रस्ताव पर विरोध की वजह से मामला है अटका

# परिसीमन से पहले धनोरा व उमरपोटी को रिसाली निगम में शामिल करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

रिसाली निगम में धनोरा व उमरपोटी को शामिल करने की फिर से कवायद शुरू हो गई है। दरअसल दुर्ग ग्रामीण विधानसभा का नए सिरे से परिसीमन होना है और दो विधानसभा बनना है। इसके पहले ही उमरपोटी व धनोरा को रिसाली निगम में समाहित किया जा सकता है। इसलिए कि रिसाली निगम से सटे ये दोनों गांव केवल नाम के हैं और यह अब पूरी तरह शहर का शक्ल ले चुका है। यहां के लोगों को बुनियादी सुविधाएं अब तक इसलिए नहीं मिल पा रही है कि ग्राम पंचायत के पास फंड नहीं है और निगम के पास विकास करने के लिए जगह नहीं है।

## नई कालोनियां हो गई हैं विकसित पर बुनियादी सुविधाओं से जूझ रहे हैं ग्राम पंचायतवासी



यह तस्वीर ग्राम पंचायत उमरपोटी की है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बुनियादी सुविधाएं यहां कैसी है।

### 12 हजार की आबादी को हैं इंतजार

रिसाली निगम उमरपोटी और धनोरा ग्राम पंचायत को समाहित करने में सफल हो जाती है तो यहां की 11 हजार 400 आबादी निगम के दायरे में आ जाएगी। खास बात यह है कि इन दोनों ही ग्राम पंचायत रिसाली निगम से जुड़े हुए है और विकास कोसों दूर है। व्यक्तिगत राजनीति इतनी ज्यादा हावी है कि निगम में शामिल करने के लिए शासन को जनहित को सर्वोपरि कर दूरदर्शी निर्णय लेने की जरूरत पड़ेगी।

### तीन साल पहले का प्रस्ताव अधर में है लटका

नवगठित रिसाली निगम ने ग्राम पंचायत धनोरा व उमरपोटी को निगम क्षेत्र में शामिल करने 24 मार्च 2023 को लिया गया था। तत्कालीन गृहमंत्री व दुर्ग ग्रामीण विधायक ताम्रध्वज साहू की सोच पर तत्कालीन राजस्व विभाग प्रभारी चन्द्रप्रकाश सिंह निगम व तत्कालीन सामान्य प्रशासन विभाग प्रभारी चन्द्रमान सिंह ठाकुर ने धनोरा के अलावा उमरपोटी पंचायत को भी निगम क्षेत्र में शामिल करने प्रस्ताव लाया। जिसे महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता वाली परिषद ने सर्व सम्मति से पारित किया था। तब से यह अधर में लटका हुआ है।

### इसलिए जरूरी हो गया है ग्राम पंचायतों को निगम में शामिल करना

रिसाली नगर निगम भिलाई के 14 वाडों को पृथक कर बनाया गया है। इसमें भिलाई टाउनशिप भी शामिल है। वर्तमान में रिसाली निगम में 40 वार्ड हैं। दोनों ग्राम पंचायतों को शामिल करने के बाद 60 से ज्यादा वार्ड हो जाएंगे। सरकार विधानसभा का परिसीमन करने की तैयारी में है। विधानसभा परिसीमन होगा तो दुर्ग ग्रामीण विधानसभा दो हो जाएंगे। इस स्थिति में रिसाली निगम का दायरा और सिमट जाएगा। इस स्थिति में रिसाली निगम के अस्तित्व को बचाने के लिए लगे हुए ये दोनों ग्राम पंचायत को शामिल करना जरूरी हो जाएगा।

### कालोनियों में इस तरह बुनियादी विकास नहीं

**ग्राम पंचायत उमरपोटी :** इस ग्राम पंचायत की आबादी करीब 4400 है। रिसाली निगम और उमरपोटी पंचायत क्षेत्र के बीच केवल सड़क ही फासला है। यानी सड़क के एक पार रिसाली निगम के वार्ड हैं तो दूसरी पार ग्राम पंचायत की कालोनियां है। इन कालोनियों में कच्ची सड़के हैं। कुछ सड़के सीमेंटीकृत हैं लेकिन जर्जर हो गई है। निकासी के लिए नाली तक नहीं है। बिजली और पेयजल जैसी समस्या बनी रहती है। बारिश में लोगों का चलना मुश्किल हो जाता है। सुदूर गांव से ही बदतर स्थिति में लोग रहने मजबूर है।

**ग्राम पंचायत धनोरा :** इस ग्राम पंचायत की आबादी यूं तो रिकार्ड में 5600 की है लेकिन रिसाली निगम से जुड़े होने की वजह से इतना ज्यादा डिमांड बढ़ी कि अब 7 हजार से ज्यादा लोग रहते हैं। रिसाली पटरीपार के इस पार रिसाली निगम का क्षेत्र है तो उस पार धनोरा ग्राम पंचायत शुरू हो जाती है। धनोरा में सबसे ज्यादा नई कालोनी विकसित हुई है। सरकारी मॉडल कॉलेज भी है। यहां न रोड, नाली, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। अवैध कालोनी का दंश यहां के लोग झेल रहे हैं।

### रिसाली निगम को यह हो रही दिक्कत

**पहला- निगम में टैक्स की बढ़ोतरी नहीं हो रही**

रिसाली निगम में धनोरा और उमरपोटी ग्राम पंचायत के शामिल किए जाने से सबसे बड़ा फायदा टैक्स का होगा। रिसाली निगम को दोनों पंचायतों से बड़ी रकम टैक्स के रूप में मिलेगा। इससे निगम की आय बढ़ेगी। वर्तमान में टैक्स की बढ़ोतरी नहीं हो पा रही। ज्यादातर मकान श्रमिक बस्तियों में है। जहां पर टैक्स की छूट शासन योजना के मुताबिक देना पड़ रहा है। बीएसपी की जमीन होने की वजह से सड़क, नाली, बिजली की सुविधा पहले से ही इन बस्तियों में मौजूद है।

**दूसरा- बीएसपी की वजह से प्रोजेक्ट अधर में**

घनी आबादी और इस्पात संयंत्र के आधिपत्य वाली भूमि होने की वजह से शासन से स्वीकृत बड़े प्रोजेक्ट अधर में है। हाल है कि 100 बिस्तर अस्पताल जमीन के अभाव में निर्माण नहीं हो पा रहा है। शासकीय कॉलेज का निर्माण के लिए जगह नहीं है। पेयजल के लिए फिल्टर प्लांट को स्थापना होना है। सर्वसुविधायुक्त ऑडियोटोरियम बनाना है। स्टेडियम का निर्माण सहित कई विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं। पट्टा भी बस्ती के पात्र लोगों को बांटना है।

### परिसीमन से पहले समायोजन जरूरी



हमने दो साल पहले ही रिसाली निगम में उमरपोटी और धनोरा को शामिल करने का प्रस्ताव भेज दिया था। दोनों पंचायत के सरपंचों ने इसका विरोध किया। इसलिए यह मामला अब तक अटका हुआ है। विधानसभा का परिसीमन होना है। इस स्थिति में परिसीमन से पहले समायोजन करना जरूरी हो गया है। जिससे निगम विकास कार्य को गति प्रदान कर सके।

**-शशि सिन्हा,** महापौर, रिसाली निगम

## बैठक में लंबित प्रकरणों को निराकरण करने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर सभाकक्ष में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1995 एवं संशोधित नियम 2016 योजना अंतर्गत जिला सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास अभिषेक कुमार जायसवाल द्वारा एजेण्डावार जानकारी प्रस्तुत की गई। जिस पर समिति के सदस्यों द्वारा बिन्दुवार विस्तृत चर्चा की गई।

पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन पर एजेण्डावार समीक्षा की गई। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास अभिषेक कुमार ने द्वितीय माह अप्रैल से जून 2025 आदिवासी विकास, उप पुलिस अधीक्षक एवं विशेष लोक अभियोजक द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसुचित जनजाति अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरण एवं उन पर की गई कार्यवाही व लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर अन्य आवश्यक बिन्दुओं पर भी चर्चा की गई। उन्होंने लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने को कहा। बैठक में समाज कल्याण उप संचालक एपी गौतम, उद्यान उप संचालक नारायण सिंह, विशेष लोक अभियोजन उपसंचालक अनुरेखा सिंह, उप पुलिस अधीक्षक (आजाक), सांसद प्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# 23 जुलाई तक जिला स्तरीय कौशल स्पर्धा, राज्य स्तर पर पहुंचेंगे विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण अंतर्गत युवाओं में कौशल विकास के संबंध में जागरूकता एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षित तथा प्रशिक्षणरत युवाओं को अपने तकनीकी कौशल का मूल्यांकन एवं प्रदर्शन का अवसर प्रदान किया जाएगा। जिसके तहत युवाओं में आत्मविश्वास तथा प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास करते हुए इंडिया स्किल 2025 और वर्ल्ड स्किल 2026 के लिये संभावित प्रतिभाओं की पहचान एवं चयन करने के उद्देश्य से कौशल तिहार-2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिला कौशल विकास प्राधिकरण के सहायक संचालक से प्राप्त जानकारी के अनुसार कौशल तिहार 2025 के अंतर्गत जिला स्तर पर विभिन्न 7 ट्रेड रिनेबल एनर्जी, हेल्थ एंड सोशल केयर, फील्ड टेक्निशियन इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाईल फोन टेक्निशयन इलेक्ट्रॉनिक्स, डेस्कटॉप पब्लिसिंग, इलेक्ट्रिकल इस्टॉलेशन और प्लबिंग एवं हीटिंग ट्रेडों में कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रत्येक ट्रेड से 2 विजेता चुने जायेंगे, जो राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिला स्तर के विजेता प्रतिभागी राज्य स्तर पर 28 से 30 जुलाई तक होने वाले राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता में भाग लेंगें। जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता 21 जुलाई से 23 जुलाई तक निम्न स्थानों में आयोजित की जा रही है।

### पीएम और सीएम कौशल विकास योजना कौशल तिहार-2025

**21 जुलाई को :** 21 जुलाई को पूर्वान्ह 10 से अपरान्ह 1 बजे तक रिनेवेबल एनर्जी ट्रेड में सोलर पीवी इंस्टॉलर तथा सोलर पंप टेक्निशियन कोर्स की प्रतियोगिता एवं दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक ऋषिकेश एजुकेशन सोसायटी, धनोरा में इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशन ट्रेड में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन कोर्स की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

**22 जुलाई को:** अनुभव कौशल केन्द्र, खुर्सीपार भिलाई में प्रातः 10 से अपरान्ह 1 बजे तक हेल्थ एंड सोशल केयर ट्रेड में जनरल ड्यूटी असिस्टेंट कोर्स की प्रतियोगिता और दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक शासकीय आईटीआई दुर्ग में प्लंबिंग एंड हीटिंग ट्रेड में जल वितरण संचालक कोर्स की प्रतियोगिता होगी।

**23 जुलाई को:** स्किल ज़ोन, नेहरू नगर भिलाई में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक फील्ड टेक्निशियन-इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेड में फील्ड टेक्निशियन कंप्यूटिंग एंड पेरिफेरल कोर्स की प्रतियोगिता और दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक एडवांस हाईटेक इंस्टीट्यूट भिलाई प्रिय दर्शनी परिसर सुपेला भिलाई में मोबाइल फ़ोन टेक्निशियन-इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेड में मोबाइल फ़ोन हार्डवेयर रिपेयर टेक्निशियन कोर्स के अलावा बी.डी.एस. कॉलेज, बाबादीप सिंह नगर भिलाई में ग्राफिक डिज़ाइन टेक्नोलॉजी/डेस्कटॉप पब्लिशिंग ट्रेड में एसोसिएट डेस्कटॉप पब्लिशिंग कोर्स की प्रतियोगिता होगी।

# दो दिवसीय सावन उत्सव 2 व 3 अगस्त को, शामिल होने दिया आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- राशि उपलब्ध कराने पर उप मुख्यमंत्री का जताया आभार

महापौर अलका बाघमार ने शहर के विकास कार्यों के लिए स्वीकृत राशि को लेकर उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया। महापौर ने एमआईसी सदस्यों और पार्षदों के साथ मंत्री श्री साव के निवास पर भेंट कर नगर के प्रति उनकी संवेदनशीलता और सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

महापौर ने कहा कि मंत्री श्री साव द्वारा दिए गए सहयोग से शहर के अधूरे कार्यों को गति मिलेगी और आम नागरिकों को शीघ्र सुविधाएं प्राप्त होंगी। इस अवसर पर महापौर श्रीमती बाघमार ने मंत्री श्री साव की धर्मपत्नी मीना साव से भी शिष्टाचार भेंट कर उन्हें आगामी 2 एवं 3 अगस्त को आयोजित दो दिवसीय सावन महाउत्सव के लिए आमंत्रित किया। महापौर ने कहा कि राज्य सरकार के निरंतर सहयोग से नगर निगम नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास कर रहा है और निकट भविष्य में शहर की तस्वीर और अधिक निखरेगी। इस दौरान एमआईसी सदस्य देव नारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, नीलेश अग्रवाल तथा पार्षद रंजीता पाटिलए सावित्री दमाहे, सरिता चन्द्राकरए पूर्व पार्षद ममता देवांगन सहित अन्य उपस्थित रहे।



## प्रदेश के विभिन्न विद्युत कार्यालयों और उत्पादन संयंत्रों में 50 हजार पौधे रोपने का लक्ष्य

# विद्युत क्षेत्रीय मुख्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों ने रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- दुर्ग, बालोद व बेमेतरा रीजन में 3,255 पौधे रोपने का लक्ष्य

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज द्वारा पौधरोपण महोत्सव के तहत प्रदेश में स्थापित अपने विभिन्न विद्युत कार्यालयों और उत्पादन संयंत्रों में 15 अगस्त तक 50 हजार फलदार एवं छा या दा र पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। इसी तारतम्य में रायपुर नाका स्थित छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के मुख्यालय परिसर में मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल, अधीक्षण अभियंता एस मनोज एवं उपमहाप्रबंधक वित्त एवं लेखा वाय कोसरिया सहित मुख्य अभियंता एवं वरिष्ठ लेखाधिकारी कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साह के साथ एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण सरंक्षण में सहभागिता दी। उल्लेखनीय है कि दुर्ग रीजन दुर्ग, बालोद, बेमेतरा जिले में लगभग 3 हजार 255 पौधे लगाने का लक्ष्य पॉवर कंपनी द्वारा दिया गया है, जिसके तहत दुर्ग रीजन के अधीनस्थ सभी कार्यालयों में वृक्षारोपण निर्धारित तिथि तक कर लिया जाएगा।

उन्होंने दुर्ग रीजन के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को लक्ष्य से अधिक पौधे लगाने के लिए अपील की। कार्यक्रम में वरिष्ठ कल्याण अधिकारी डीके डूम्भरे, कार्यपालन अभियंता अनसुईया ठाकुर, दुर्गेश नंदिनी देवांगन, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी संतोष साहू, विधि अधिकारी सुश्री रश्मि शर्मा, प्रकाशन अधिकारी माया चन्द्राकर एवं निज सचिव बीएस,राजपूत सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधे लगाकर कार्यक्रम में सहभागिता दी।



### पौधारोपण आदत में होना चाहिए शामिल

क्षेत्रीय मुख्यालय परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कटहल, करंज, कैथ, कचनार, नीम, गुलमोहर, मौलश्री, पुत्रणजीवा, केशामिया आदि प्रजातियों के लगभग 50 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने कहा कि पेड़ जीवन वृद्धि और निरंतरता का प्रतीक होते हैं। ठीक वैसे ही माँ अपने बच्चों को जीवन देती है और उनका पालन-पोषण करती है। वृक्षारोपण कार्यक्रम से ना केवल पर्यावरण को लाभ होगा, बल्कि प्रकृति और माँ के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने का एक अच्छा तरीका है। उन्होंने कहा कि माँ और प्रकृति दोनों ही जीवनदायिनी है। जीवनदायिनी ऑक्सीजन का एकमात्र स्रोत वृक्ष ही हैं। जीवन वृक्षों पर ही निर्भर है, इसलिए पेड़ लगाना आदत में शामिल होना चाहिए।

# मौसमी बीमारियों की रोकथाम करने मैलाथियान और टेमीफास का छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



नेहरू नगर के वार्ड 5 कोसानगर अंतर्गत दीक्षित कालोनी एवं वार्ड 29 स्थित वृंदानगर अटल आवास के समीप मच्छर जनित रोग डेंगू, मलेरिया से बचाव एवं मच्छर उन्मूलन कार्यक्रम के तहत निगम का विशेष दस्ता एवं जिला मलेरिया विभाग के सर्वेलेंस कार्यकर्ताओं की संयुक्त टीम द्वारा घर-घर जाकर सर्वेक्षण एवं स्प्रेयर पम्प द्वारा मच्छर लार्वा नियंत्रण हेतु पानी मिश्रित एक्यूगार्ड एवं व्यस्क मच्छरों के नियंत्रण हेतु पानी मिश्रित मैलाथियान का छिड़काव कार्य संपादित किया गया। सभी सर्वेक्षित घरों में मच्छर रोधी आवश्यक स्वास्थ्य शिक्षा एवं पाम्पलेट वितरण में वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक केके सिंह, सुदामा परगनिया एवं जिला मलेरिया विभाग से मोहन राव व उमेश कपूर का विशेष सहयोग रहा। वार्ड क्रं. 44 लक्ष्मी नारायण नगर के गोकुल नगर लाईन में मौसमी बिमारियों की रोकथाम के लिए टेमिफास का छिड़काव लगातार जारी है। बरसात का पानी घर के बाहर रखे पात्रों में भर जाने के कारण मच्छर पनपने लगते हैं। जिससे बिमारियां होने की संभावना ज्यादा बनी रहती है।

# हरिराज रेस्टोरेंट व बाटा शोरुम सहित तेरह दुकानों के संचालकों पर बीएसपी ने ठोका सरचार्ज

## सिविक सेंटर मार्केट में कई ने किए अतिरिक्त निर्माण, रेसिडेंशियल का कमर्शियल उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप के सबसे प्राइम लोकेशन में स्थित सबसे बड़े बाजार सिविक सेंटर मार्केट के कई व्यवसायियों द्वारा अवैध रुप से व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का संचालन किया जा रहा है। व्यावसायिक काम्पलेक्स में स्थित प्रथम तल की दुकान के साथ ऊपर रहने के आवंटित आवास में भी दुकानों का संचालन किया जा रहा है। बीएसपी द्वारा ऐसी दर्जनभर दुकानों में अतिरिक्त निर्माण करने को लेकर व्यवसायियों को नोटिस जारी कर सरचार्ज ठोका गया है। यह पेनाल्टी हजार से दस हजारु रुपए मासिक है, जबकि व्यवसायी लाखों रुपए का व्यवसाय कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी द्वारा 1970 के दशक में टाउनशिप के मध्य में स्थित दोमंजिला रेसिडेंशियल कम कमर्शियल काम्पलेक्स का निर्माण किया गया था। यहां पचास दुकानें हैं। व्यवसाइयों को नीचे दुकान और ऊपर रहने के लिए आवासीय उद्देश्य से इन्हें अलाट किया गया था। एग्रीमेंट की नियम शर्तों में रेसिडेंस का उपयोग कर्मशियल काम के लिए नहीं किया जा सकता है। लेकिन अनेक दुकानदारों द्वारा नियमों को धता बताते हुए अपनी नीचे स्थित दुकान के साथ द्वितीय तल के मकान में भी व्यावसायिक प्रतिष्ठान तान लिये गए हैं। यह लीज शर्तों का उल्लंघन है। बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के शाप्स अनुभाग द्वारा 13 दुकानों के व्यवसायियों को अतिरिक्त निर्माण किए जाने को लेकर नोटिस जारी कर पेनाल्टी (सरचार्ज) ठोका गया है।




### बीएसपी में पैनल चार्ज लगा झाड़ा पल्ला

सिविक सेंटर मार्केट में शांप नं. 1, शाप नं. 2, शांप-3 व शांप 4 यानी नीचे और ऊपर की चारों दुकानों व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है। रेस्टारेंट के संचालक ने यह चारों दुकानें टाटा शोरुम से खरीदी थीं। इसके अलावा शांप नं. 8, 15, 22, शांप नं. 26,29, 34,38, 42 और शांप नं. 46 की दुकानों में भी अतिरिक्त निर्माण किए जाने को लेकर पैनल चार्ज लगाया गया है। सभी तेरह दुकानों के संचालकों को एक से दस हजार रुपए सरचार्ज लगाया गया है। सूत्रों के मुताबिक यह पेनाल्टी अतिरिक्त निर्माण को लेकर लगाई गई है। बाटा के शोरुम की तीन दुकानों शाप नं. 48,49 व शाप 50 पर 20 लाख रुपए की आउटस्टैंडिंग बकाया है। लेकिन बीएसपी द्वारा सभी पर अतिरिक्त निर्माण बताकर सरचार्ज ठोक अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली गई है।

## खबर संक्षेप



### चाकू लेकर लोगों को डराने वाला धरा गया

**भिलाई।** चाकू लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि बटनदार लोहे का धारदार चाकू लेकर लोगों डराने वाले राजीव नगर सुपेला निवासी रोशन यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। कार्रवाई में सुपेला थाना प्रभारी विजय यादव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### सेलून दुकान संचालक पर हमला, तीन गिरफ्तार

**भिलाई।** सेलून संचालक पर चाकू से हमला करने वाले तीन आरोपियों को खुर्सीपार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि संचालक सोनिया गांधी नगर खुर्सीपार निवासी मोहम्मद अपरान के दुकान में आरोपी मो. जफर, मनीष सिन्हा, कृष्णा राजभर पहुंचे। शराब पीने के लिए आरोपियों ने संचालक से रुपए का डिमांड किया। रुपए नहीं देने पर हमला कर फरार हो गए। आरोपी मो. जफर ने अपने पास रखे चाकू से पीड़ित पर हमला किया। पुलिस ने जफर, मनीष, कृष्णा राजभर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों रो न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### गांजा का कारोबार करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार




**भिलाई।** अवैध रूप से गांजा का कारोबार करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रविशंकर स्टेडियम दुर्ग मानस भवन के पास से गांजा बेचते दो युवकों को पकड़ा। पूछताछ करने पर युवकों ने तुगला, पोष्ट, नयापारा, थाना राजा खरियार, जिला नयापारा, उड़ीसा, हाल पता- पॉलिटेक्नीक कॉलेज दुर्ग, चपरासी कॉलोनी, थाना पदमनाभपुर निवासी अंतगुरू नागेश, चंदन सोनी बताया है। आरोपियों से पुलिस ने अंतगुरू नागेश से 1.300 किलो ग्राम गांजा 6 हजार रुपए का, मोबाइल कुल जुमला कीमत 26 हजार रुपए आंकी गई। आरोपी चंदन सोनी से नगदी तीन सौ रुपए मोबाईल जब्त किया। जिसकी कीमत 20 हजार 3सौ रुपए है। कुल सामानों की कीमत 46 हजार रुपए की है। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से जेल दाखिल किया गया है।

### दुर्ग में अस्मिता खेलो इंडिया सिटी की हुई शुरुआत

**दुर्ग।** गंजपारा दुर्ग में अस्मिता खेलो इंडिया सिटी के अंतर्गत योगासन स्पोर्ट्स द्वारा समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जिले भर से योग संस्थान के प्रबुद्ध जन उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ में अस्मिता खेलो इंडिया सिटी लीग का तीन स्थानों पर आयोजन किया जा रहा है। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल ने की। इस दौरान सांसद ने कहा कि भारत देश का योग अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर रहा है और पूरी दुनिया के लोग इसे अपना रहे हैं। आज हमारा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रत्येक क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। ऐसे में खेलों के विकास के लिए समाज को भी आगे आने की जरूरत है।

## जिले के 400 शिक्षकों का प्रशिक्षण और 150 विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

# निजी स्कूल एसोसिएशन के शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण, किया प्रतिभा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन एवं समाधान कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में उत्कृष्ट विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान समारोह एवं एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला समर्थ गुरु सशक्त शिक्षकों का निर्माण विषय पर आयोजित हुई। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के संरक्षक दीपक अरोरा, समाधान महाविद्यालय के डायरेक्टर अविनाश तिवारी व प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अवधेश पटेल, समिति की अध्यक्ष डॉ. अलका तिवारी एवं प्राइवेट एसोसिएशन की टीम ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि व मुख्य वक्ताओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ प्रांत के पूर्व प्रांत संघ चालक बिसराराम यादव ने बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की ज्ञानेंद्रियों व कर्मेंद्रियों को सही दिशा देकर शिक्षण प्रदान करें, जिससे वह अपनी प्रतिभा को पहचान कर आगे बढ़े। मुख्य अतिथि रिटायर्ड आईएएस गणेश शंकर मिश्रा ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि शिक्षा का उद्देश्य अज्ञानता को स्वीकार कर परिमार्जन व परिशोधन से श्रेष्ठता की ओर अग्रसर करना है। व्यक्ति के जीवन में तीन बोध ज्ञान बोध, इतिहास बोध व कर्म बोध की महिमा का विशेष महत्व है। विशिष्ट अतिथि अरविंद मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग ने कहा कि प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान होना अनिवार्य है क्योंकि इससे लोगों को प्रेरणा मिलती है। विशिष्ट अतिथि कमल कपूर बंजारे, जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत व लगन से सफलता हासिल की है। इस सफलता में शिक्षक व पालकों का भी योगदान हैं।

मुकेश शाह ने शिक्षक के आभूषण व शिक्षकों और छात्रों का जुड़ाव विषय पर अपनी बात रखते हुए कहा कि बच्चों के मनोविज्ञान का अध्ययन कर उनसे जुड़ जाइए, तभी आप उनको सही ज्ञान प्रदान कर पाएंगे।

बेमेतरा जिले के शासकीय एवं निजी विद्यालय के कक्षा -10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में जिला स्तर पर टॉप-10 एवं 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त प्राइवेट स्कूल के विद्यार्थियों, कक्षा-8वीं में 85% से अधिक प्राइवेट स्कूल के छात्र तथा समाधान महाविद्यालय के बीएड, बी.कॉम, बीसीए, बीएससी (सीएस), पीजी डिप्लोमा इन योग साइंस, आईटीआई कोपा, स्टेनो व इलेक्ट्रीशियन की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 46 प्राइवेट स्कूल के शिक्षकों को बेस्ट टीचर के प्रमाण-पत्र एवं मोमेंटो से सम्मानित किया गया। मंच का संचालन महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक हरीश कुमार पटेल, एलंस पब्लिक स्कूल के व्याख्याता भीष्मदेव आर्य एवं मंजु छत्रि द्वारा किया गया। अंत में, डॉक्टर अलका तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

इस मौके पर दीपक अरोरा, जितेंद्र राजपूत, रामकुमार भारती, वसीम खान, वीरेंद्र जायसवाल, मृदु महाजन, जितेंद्र मिश्रा, गजपाल खुराना, रेवाराम पाल, कृष्णकुमार सोनी, कॉलेज के समस्त सहायक प्राध्यापक, एलंस पब्लिक स्कूल के शिक्षक एवं 60 स्कूलों के संचालक व प्राचार्य एवं जिले के विभिन्न विद्यालयों से 350 से अधिक शिक्षक तथा सम्मानित छात्र-छात्राएं और पालकगण उपस्थित थे।




# सांसद बघेल ने बच्चों के साथ की साइकिलिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी साइकिलिंग क्लब और छत्तीसगढ़ साइकिलिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में संडे ऑन साइकिलिंग का आयोजन प्रगति भवन, सिविक सेंटर में सुबह 8 बजे किया गया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने सायकल चलाकर प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए भविष्य में और मेहनत करने का आव्हान किया। अध्यक्षता ओए-बीएसपी के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर ने की।

- ओए का संडे आन साइकिल

माँ सारदा सेवा समिति की ओर से साइकिलिंग क्लब को दो रोलर्स प्रदान किया गया। यह सहायता राशि पवन कुमार शर्मा द्वारा साइकिल एसोसिएशन को सौंपी गई। विनायक चन्नावार ने बताया कि ये रोलर बारिश के मौसम में इनडोर प्रशिक्षण एवं वार्मअप में सहायक होगे। प्रतीक मनोध्या साइकिलिंग कोच और खिलाड़ी राहुल निर्मलकर ने रोलर पर साइकिल चलाकर प्रदर्शन किया।



कार्यक्रम में सुधीर बंसल, रमेश श्रीवास्तव, अध्यक्ष, साइकिल पोलो एसोसिएशन ऑफ़ छत्तीसगढ़, नंदनवार, साइकलिंग एसोसिएशन ऑफ़ छत्तीसगढ़, बालक दास डहरे, बिस्वराम साहू, खेल प्रशिक्षक, खमरिया, बीआर साहू, अंतरराष्ट्रीय मास्टर एथलीट आदि विशिष्ट अतिथि थे। इस आयोजन के दौरान 100 से अधिक बच्चों ने सांसद विजय बघेल, ओए अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर, महासचिव परविन्दर सिंह के साथ साइकिलिंग किया। कार्यक्रम का संचालन ओए महासचिव परविन्दर सिंह ने आभार प्रदर्शन किया।

# धर्मांतरण को लेकर कैलाश नगर में बवाल, जमकर हुई नारेबाजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

धर्मांतरण कराने के मामले को लेकर हिंदूवादी संगठन ने कैलाश नगर में जमकर बवाल किया। इसके बाद जामुल पुलिस मौके पर पहुंची और कुछ लोगों को थाने लेकर गई। पुलिस आरोपी पक्ष से पूछताछ कर रही है। जामुल थाना से मिली जानकारी के मुताबिक कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड में रविवार को एक कमरे में कुछ लोगों द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन किया था। इसकी सूचना पाकर बजरंग दल और हिंदू संगठन के लोग वहां पहुंच गए और हंगामा करने लगे। बजरंगियों का आरोप था कि जिस कमरे में लोगों की भीड़ जुटी हुई थी, वहां धर्मांतरण कराया जा रहा था। लंबे समय से यहां धर्मांतरण का खेल जारी है। इस दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने उक्त मकान के समाने नारेबाजी भी की। माहौल गर्म होता देख पुलिस लाइन से फोर्स भी मंगाई गई। पुलिस मकान के भीतर में प्रार्थना कर रहे लोगों को थाने लेकर गई। पुलिस ने सभी से पूछताछ की। जामुल पुलिस का कहना है कि मामले में जांच जारी है।

- जामुल थाना क्षेत्र की है घटना

### जांच की जा रही है

“ सूचना मिली थी कि बजरंग दल के कुछ कार्यकर्ता नारेबाजी कर रहें है। कार्यकताएओ का आरोप था कि प्रार्थना सभा के नाम पर वहां धर्मांतरण किया जा रहा है। इस कारण वे लोग यहां पर पहुंचे थे। फिलहाल इसकी जांच की जा रही है।

**हरिश पाटिल,** सीएसपी छावनी

### अग्रवाल महिला समिति खुर्सीपार में सावन सेलिब्रेशन की चल रही तैयारी

**भिलाई।** अग्रवाल महिला समिति खुर्सीपार सावन का तीज महोत्सव 26 जुलाई को अग्रसेन भवन खुर्सीपार में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान महिलाएं और अपने मायके आई बेटियां सावन के झूले का आनंद लेते हुए अपनी सहेलियों से भी मिलेंगी। साथ ही सावन की थीम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी महिलाओं दवरा दी जाएगी। जिसमें महिलाओं दवरा घरेलू उत्पादों के विभिन्न स्टाल लगाए जाएंगे और मनोरंजन के लिए हाउजी सहित कई गेम्स भी खेले जाएंगे। सावन महिने में आने वाले त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए राखियां, हैंड मेड बैग, सूट, साड़ी, लड्डु गोपाल के पोशाक, फूड आइटम सहित अन्य तरह के आइटमों का स्टॉल लगाए जा रहे है। सुंदर-सुंदर दुकानों में कई आकर्षक ईनाम की भी तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सावन तीज पर आधारित स्टेज प्रोग्राम जिसमें एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति समाज की महिलाओं द्वारा दी जाएगी। जिसमें सावन के रंगीले गानों पर नृत्य व नाटक रखा गया है।

# जेएलएन अस्पताल में पैरामेडिकल स्टाफ का टोटा, मरीजों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी के सेक्टर नौ जेएलएन हास्पिटल पैरामेडिकल स्टाफ की कमी से दोतरफा दबाव बढ़ रहा है। मरीजों के साथ विभागीय कर्मचारियों को भी वर्कलोड की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में आउटसोर्स से होने वाली अब तक नही हुई है। यूनियनों ने स्थाई कर्मियों और चिकित्सकों की जल्द भर्ती की मांग की है।

- मरीजों की बढ़ी परेशानी स्टाफ पर भी वर्कलोड
- हिंदुस्तान लेटेक्स कंपनी की लटकी नर्सों व फार्मासिस्ट की आउटसोर्सिंग भर्ती

उल्लेखनीय है कि पिछले एक दशक के दौरान सेक्टर नौ मेन हास्पिटल में आधे से अधिक मेन पावर रिटायर हो चुका है। लेकिन सेवानिवृत्त होने वाले चिकित्सकों, नर्सो और वार्ड ब्याय आदि की भर्ती नहीं हुई है। कुछ विशेषज्ञ चिकित्सक अन्य निजी अस्पतालों से हायर किए गए हैं। लेकिन इनकी तादाद नगण्य है। इसी तरह की समस्या पैरामेडिकल स्टाफ की भी बनी हुई है। दो माह पूर्व यूनियनों को अस्पताल प्रबंधन द्वारा जल्द भर्ती का आश्वासन दिया गया था। इसके तहत हिंदुस्तान लेटेक्स लिमिटेड कंपनी द्वारा आउटसोर्स पर नर्सों, वार्डव्याय व फार्मासिस्ट आदि स्टाफ की भर्ती होनी थी। इनके अलावा विभाग प्रमुख द्वारा जल्ज डाक्टरों की भी नियुक्ति का आश्वासन दिया गया था। लेकिन अब तक परिणाम शून्य होने का खामियाजा मरीजों और स्टाफ को भुगतना पड़ रहा है। इंटक के मुताबिग हिदुस्तान लेटेक्स लि. के माध्यम से पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती नही होने से मेन हास्पिटल के व हेल्थ सेटरों में भी स्टाफ की किल्लत से मरीजों को परेशानी हो रही है। सीटू यूनियन ने आउटसोर्स की बजाए सीधे सेल से भर्ती की मांग की है।

### एमएससी व बीएससी नर्सिंग स्टूडेंट्स का सहारा

सेक्टर नौ हास्पिटल में आधा दर्जन से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सकों सहित बीस से अधिक डाक्टरों की कमी है। हार्ट, न्यूरो फिजिशियन, गेस्ट्रोलाजिस्ट, मनोरोग विशेषज्ञ आदि स्पेशलिस्ट नहीं हैं। आउटसोर्स पर एक हदयरोग विशेषज्ञ दिल्ली से पंद्रह दिन में एक बार व रायपुर के निजी अस्पताल से 4 डाक्टरों की सेवाएं ली जा रही हैं। लेकिन रात में बीएसपी का अपना फुलफ्लैश ह्दयरोग विशेषज्ञ नहीं है। इसके चलते गंभीर मरीजों को बाहर रिफर किया जाता है। पैरामेडिक स्टाफ कम होने से अधिकतर वार्डों में नर्सों व डाक्टरों पर वर्कलोड बढ़ रहा है। यूनियनों के मुताबिक सुबह ट्रेनिंग के लिए आने वाली बीएससी व एमएससी नर्सिंग छात्रों का सपोर्ट मिल जाता है लेकिन सेकंड हाफ से रात तक किल्लत बनी रहती है।

## केनाल रोड के लिए 29 करोड़ 71 लाख 53 हजार की मिली स्वीकृति

# भिलाई-चरोदा में भी बनेगी 5 किलोमीटर लंबी केनाल रोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में भी भिलाई की तरह केनाल रोड का निर्माण किया जाएगा। यह रोड 5 किलोमीटर लंबी होगी। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने पहले चरण के काम के लिए 29 करोड़ 71 लाख 53 हजार राशि की स्वीकृति दे दी है।

- नगरीय प्रशासन और विकास विभाग ने राशि स्वीकृति दी

जानकारी के मुताबिक केनाल रोड का निर्माण तांदुला शाखा नहर पर डबरा पारा से चरोदा के इंदिरा नगर तक बनना है। इसकी लंबाई करीब 5 किमी तक होगी। डिप्टी सीएम, नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा को पत्र प्रेषित कर इसकी जानकारी दी है। भिलाई-चरोदा के डबरा पारा से उरला दुग्ध डेयरी तक कुल 9 किमी लंबी तांदुला शाखा नहर है। इसी नगर के किनारे केनाल रोड बनाने का प्रस्ताव दिया गया है।

इस पूरे निर्माण में करीब 48 करोड़ रुपए खर्च होने का प्रस्ताव दिया गया है। शासन से राज्य बजट में पहले चरण के रूप में 29 करोड़ 71 लाख 53 हजार रुपए का प्रावधान रखा था। अब नगरीय प्रशासन विभाग विभाग ने अधोसंरचना मद, मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना अंतर्गत राज्य बजट में हुई घोषणा के अनुरूप राशि स्वीकृत कर दी गई है। पूरी गुणवत्ता के साथ केनाल रोड का निर्माण होने का आग्रह भी किया गया है। शुरुआती सर्वे व अन्य जरूरी औपचारिकता पूरी करने के बाद नगर निगम के शासन को प्रेषित केनाल रोड के प्रस्ताव पर राज्य सरकार के वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल किया।



### ट्रैफिक का दबाव काफी कम होगा

इस स्वीकृति के बाद पहले चरण में डबरा पारा भिलाई-3 की ओर सिरसा चौक होकर इंदिरा नगर तक केनाल रोड का काम शुरू होगा। इसके बाद अगले दूसरे चरण में सिरसा चौक से चरोदा होते हुए उरला दुग्ध डेयरी वाली सड़क से केनाल रोड को जोड़े जाने का प्रस्ताव है। इस रोड के बनने से भिलाई तीन से चरोदा के बीच फोरलेन सड़क पर ट्रैफिक का दबाव काफी हद तक कम हो जाएगा।

### विकास के लिए राशि की कमी नहीं



केनाल रोड और सिरसा चौक के विकास के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा राशि प्रदान किए जाने की स्वीकृति मिली है।अहिवारा विधानसभा क्षेत्र में विकास के लिए राशि की कोई कमी नहीं होगी। सीएम, डिप्टी सीएम का आभार है।जिन्होंने विकास के लिए राशि स्वीकृति प्रदान की।

**-डोमनलाल कोर्सेवाडा,** विधायक अहिवारा

### प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था



प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। केनाल रोड के बनने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी। ट्रैफिक पर दबाव कम होगा।मीडिल कट बंद होने से लोगों को दिक्कत हो रही है लेकिन इसके बनने से मिलेगी सुविधा। राशि स्वीकृत हुई है।

**-निर्मल कोसरे,** महापौर भिलाई-चरोदा निगम

**न्यायालय तहसीलदार बेमेतरा तहसील व जिला - बेमेतरा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्र./ 1815 / प्र.1 / तह. / 2025

बेमेतरा, दिनांक 21/07/25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण व आम जनता निवासी ग्राम फरी प.ह.नं. 37 तहसील व जिला बेमेतरा को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक हरभजन सलूजा पिता विलायतीराम सलूजा निवासी ग्राम बेमेतरा तहसील व जिला बेमेतरा द्वारा ग्राम फरी प.ह.नं. 37 तहसील व जिला बेमेतरा स्थित भूमि खसरा नं. 450/2, 450/3, 450/7, 450/12, 451/6, 451/7, 452/1, 452/2, 452/3, 453/3, 453/4, 454, 466/2, 467/2, रकबा क्रमशः 0.1400, 0.4000, 0.1400, 0.4300, 0.0200, 0.0300, 0.2200, 0.2100, 0.2200, 0.1500, 0.1000, 0.5800, 0.0800, 0.1200 हे. कुल खसरा नं. 14 कुल रकबा 2.8400 हे. भूमि जो राजस्व अभिलेख मे आवेदक के नाम पर शासकीय पट्टे से प्राप्त कृषि भूमि भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि मे से खसरा नं. 454 रकबा 0.58 हे. भूमि को आवेदक अपने पारिवारिक एवं निजी कारणो से पैसे की आवश्यकता होने से उक्त भूमि को विक्रय करने का सौदा संगीता सलूजा पिता महेन्द्रसिंह सलूजा निवासी वार्ड नं. 08 पंजाबीपारा बेमेतरा तहसील बेमेतरा जिला बेमेतरा के पास कर उक्त भूमि को विक्रय किये जाने की अनुमति प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र माननीय कलेक्टर महोदय बेमेतरा जिला बेमेतरा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है। जो अनुविभागीय अधिकारी रा. बेमेतरा जिला बेमेतरा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त आवेदित भूमि का विक्रय किये जाने के संबंध मे यदि किसी व्यक्ति/समाज/संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे नियत पेशी तारीख 07/08/25 तक इस न्यायालय मे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21/07/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**बेमेतरा, जिला- बेमेतरा (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप



### डीहपारा बासीन स्कूल में किया गया पौधारोपण

**बेमेतरा।** सांसे हो रही कम, आओ एक पेड़ लगाए हम। इस खूबसूरत पंक्ति को चरितार्थ करते हुए आज शासकीय प्राथमिक शाला डीहपारा बासीन विकास खंड साजा में पंचायत प्रतिनिधियों व पालकों ने एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण किया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख गोपी चरण साहू ने शासन की महत्व पूर्ण योजना इको क्लब, एक पेड़ मां के नाम, निःशुल्क पाठ्य-पुस्तक लक्ष्य का शतप्रतिशत नामांकन मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता पर चर्चा पोषण आहार की जानकारी पर चर्चा कर और बेहतर ढंग से इसे कैसे करे विचार किया गया। उक्त अवसर पर शिक्षिका सीमा रानी देवांगन रसोइया जमुना ठाकुर तीरीथ बाई सफाईकर्मी पुन्नी लाल गोंड और सरपंच गुलमीर मोहम्मद, पंच राम, धनेश वर्मा, सेवक ठाकुर, दुलार ठाकुर, राजकुमार ठाकुर, विश्वनाथ साहू अकलवारा, शाला के बच्चे उपस्थित रहे। मध्यान्ह भोजन में बच्चों को चावल दाल सब्जी आचार दिया गया।

### छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** पीड़िता से छेड़छाड़ कर गाली-गलौज करने एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 12 जून को दिग्विजय कॉलेज के पास दोसा कार्नर के पीछे अपनी सहेली के साथ खड़ी थी, तभी आरोपी सतीश मरकाम आया और पीड़िता को बेईज्जत करने की नीयत से छेड़छाड़ कर अश्लील गाली-गुप्तार कर जान से मारने की धमकी दिया है।

### पिता को करता था परेशान, गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** शराब पीकर आए दिन वाद-विवाद लड़ाई-झगड़ा कर पिता को परेशान करने वाले पुत्र पर पुलिस ने कार्रवाई की है।
पुलिस सूत्रों के अनुसार मोहारा पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी रामप्रसाद वर्मा पुलिस चौकी मोहारा में आकर लिखित आवेदन पेश किया कि उनका पुत्र संतोष वर्मा 28 वर्ष आए दिन शराब पीकर, घर आकर वाद-विवाद, लड़ाई-झगड़ा करता रहता है, जिस संबंध में मोहारा पुलिस द्वारा अनावेदक को समझाने का प्रयास किया गया।

## निधन

### सुनील सिंह राजपूत



**देवकर।** शासकीय हाई स्कूल ग्राम गाडाडीह में व्याख्याता के पद पर पदस्थ रहे शिक्षक सुनील सिंह राजपूत निवासी ग्राम बुंदेली का रविवार आकस्मिक निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार निज ग्राम बुंदेली में किया गया। वे आकाश (बिट्टू) राजपूत व अविनाश (बंटी) राजपूत के पिता थे।।

---

**पर्व**

# शिवालयों में सावन सोमवार को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि विकास धर दीवान ने नगर के शिव मंदिर में किया रुद्राभिषेक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

श्रावण मास के दूसरे सोमवार को नगर सहित ग्रामीण अंचलों के शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। तड़के ब्रह्ममुहूर्त से ही श्रद्धालु शिवलिंग पर जलाभिषेक एवं रुद्राभिषेक करने मंदिरों में जुटने लगे। शिवालयों में घंटियों की मधुर ध्वनि, मंत्रोच्चारण और हर-हर महादेव के उद्घोष से वातावरण शिवमय हो गया। नगर के प्रमुख समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि विकास धर दीवान ने अपनी धर्मपत्नी के साथ नगर के प्रमुख शिव मंदिर में विधिवत रुद्राभिषेक किया।

उन्होंने दूध, दही, शहद, गंगाजल, घी और बेलपत्र से भगवान शिव का अभिषेक कर नगर की सुख-शांति, सामाजिक समरसता और नागरिकों के कल्याण की कामना की। इस अवसर पर दीवान ने कहा कि सावन शिवभक्ति और आत्मशुद्धि का पावन अवसर है। हमने आज नगर की समृद्धि, शांति और समस्त नागरिकों के सुखद जीवन हेतु भोलेनाथ से प्रार्थना की है। वर्तमान में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में वर्षा सामान्य से कम हुई है, जिससे किसानों में चिंता व्याप्त है। यह समय खरीफ फसल की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। हम सबने मिलकर भगवान शिव से प्रार्थना की है कि कृपा कर क्षेत्र में अच्छी वर्षा हो, ताकि किसान निश्चिंत होकर खेती कर सकें और फसलें लहलहाएं। यही प्रार्थना है कि अन्नदाता का चेहरा प्रसन्न रहे। दीवान दंपती द्वारा रुद्राभिषेक उपरांत मंदिर प्रांगण में आयोजित भजन-कीर्तन में भी भाग लिया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण, शिव तांडव स्तोत्र पाठ एवं रुद्राष्टाध्यायी का सामूहिक पाठ भी हुआ। नगर के अन्य शिवालयो में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। जगह-जगह महिला मंडल और युवक समितियों द्वारा शिव पुराण पाठ, भजन संध्या और कांवड़ यात्राओं का आयोजन किया गया। कई घरों में भी श्रद्धालुओं ने सामूहिक रुद्राभिषेक, कथा, व्रत एवं पूजन कर शिवभक्ति प्रकट की।



**शिवालय में हुआ रुद्राभिषेक व हवन**



**बेमेतरा।** सावन माह के दूसरे सोमवार को पुलिस कॉलोनी स्थित शिवालय में भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक, हवन-पूजन और भजन-कीर्तन का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। सुबह से ही वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिवलिंग का अभिषेक कर विधिवत पूजा की गई। इसके बाद हवन में पूर्णाहुति दी गई और सभी ने सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर पुलिस परिवार के महिला, पुरुष और बच्चों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर पूजन में भाग लिया। आयोजन के अंत में श्रद्धालुओं के बीच प्रसादी वितरण किया गया। भजन-कीर्तन की भक्तिमय ध्वनि से शिवालय परिसर आध्यात्मिक वातावरण से भर गया।

---

# मुख्यमंत्री आगमन की तैयारी कलेक्टर ने किया स्थल निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आगामी 28 जुलाई को जिले के नगर पंचायत दाढ़ी में कार्यक्रम प्रस्तावित है।

मुख्यमंत्री श्री साय के आगमन को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अधिकारियों के साथ यहां पहुंचकर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निर्धारित कार्यक्रम स्थल पहुंचकर कलेक्टर ने यहां मुख्य मंच निर्माण, हितग्राही दीर्घा, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, बैरिकेटिंग, व्ही आई पी बैठक व पार्किंग व्यवस्था, विभागीय स्टॉल, सहित अन्य व्यवस्था के लिए अधिकारियों के साथ आवश्यक चर्चा किया। कलेक्टर शर्मा ने अधिकारियों को मुख्यमंत्री कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन करने निर्देशित किया। उल्लेखनीय है, कि हितग्राही सम्मेलन कार्यक्रम में विभिन्न। विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा।

इसके साथ ही जिले में हुए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय विभिन्न योजनाओं का लाभ ले रहे हितग्राहियों से कार्यक्रम में भेंट करेंगे। हितग्राहियों से चर्चा कर योजनाओं का लाभ लेने से उनके जीवन में आए परिवर्तन से रूबरू होंगे।

---

# मोहभट्ठा से भेड़नी तक प्रधानमंत्री सड़क बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना बेमेतरा अंतर्गत ब्लॉक बेरला के ग्राम मोहभट्ठा से भेड़नी तक बनी 15.10 किमी लंबी सड़क की हालत बेहद खराब हो चुकी है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क को लगभग 7 साल बने हुए है। कई जगह गड्ढे होने से दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे है। ग्रामीणों का आरोप है की संबंधित आला अधिकारी, इस सड़क का न जायजा लिया। जिसके चलते आज सड़क की दुर्दशा बिगड़ गयी है। आपको बता दें कि मोहभट्ठा से भेड़नी तक सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है। निर्माण के सात साल बाद ही सड़क जगह-जगह गहरे गड्ढों में तब्दील हो गई है। डामर पूरी तरह से गायब हो चुका है। बरसात में गड्ढों में पानी भरने से गहराई का अंदाजा नहीं लगता। वाहन असंतुलित होकर पलट जाते हैं लोग गिरकर घायल हो रहे हैं।



---

# सड़कें जर्जर, ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे जाम किया



हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/नवागढ़/नांदघाट

जर्जर सड़कों को लेकर वर्षों से आंदोलनरत ग्रामीणों ने सोमवार को रायपुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम कर प्रशासन को जागरूक करने मजबूर किया।

मुर्रा, ढाबापार, इटई, सेमरिया, उडार, खैरा, नयापारा, करमसेन, चिचोली, तरपोंगी और किरता सहित दर्जनों ग्रामों के सैकड़ों ग्रामीण सुबह से ही नादघाट के पास सड़क पर डटे रहे। ग्रामीणों ने बताया कि सेमरिया-मुर्रा, अकोली-करमसेन, चिचोली-किरता, भोपसरा-दर्री जैसे संपर्क मार्गों की हालत बेहद खराब है। इन सड़कों की मरम्मत के लिए कई बार आवेदन, ज्ञापन और सुशासन तिहार में निवेदन किया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। सड़कें पूरी तरह गड्ढों में बदल चुकी हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।

- नादघाट क्षेत्र में चक्काजाम के बाद प्रशासन ने मानी ग्रामीणों की मांग

### प्रशासन ने मरम्मत का दिया भरोसा

चक्काजाम की सूचना पर मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों से चर्चा की और जल्द ही सभी प्रमुख सड़कों की मरम्मत कार्य प्रारंभ करने का आश्वासन दिया। फिलहाल किसी प्रकार का कार्य स्थल पर शुरू नहीं किया गया है, लेकिन अधिकारियों ने प्रस्ताव बनाकर स्वीकृति भेजने तथा कार्य प्रारंभ कराने का भरोसा दिया है।

**मुर्रा-खैरा मार्ग को लेकर विशेष आक्रोश:** इस दौरान मुर्रा-खैरा मार्ग में पूर्व में डाले गए घटिया मटेरियल की भी चर्चा हुई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण में ठेकेदार और विभाग की मिलीभगत से घटिया काम किया गया। इस पर लोगों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और गुणवत्ता के साथ कार्य करने की मांग की। प्रशासन द्वारा आश्वासन दिए जाने के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम को स्थगित कर दिया। आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा और इसमें पुलिस तथा प्रशासन का संयमपूर्ण सहयोग

---

# बाल कैबिनेट का किया गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरवानी विकासखंड साजा में बाल कैबिनेट, मीना मंच, टी 20 मैथ्स क्लब, फास्ट रीडिंग इंग्लिश क्लब, फास्ट रीडिंग हिंदी क्लब का गठन किया गया तथा बच्चों को उनके कार्य के अनुसार बैच भी वितरित किए। प्रधान पाठक अर्जुन वर्मा ने बताया क्लब का उद्देश्य बच्चों में कल्पना शक्ति रचनात्मक कौशलो के विकास के लिए किशोरावस्था में आते कुछ कार्य को लेते हुए उसे पूरा करने के लिए जिम्मेदारी लेने हेतु, विद्यार्थियों शिक्षकों एवं समुदाय को आपस मे मिलकर कार्य करने प्लेटफार्म उपलब्ध कराना, उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किए जाने हेतु टीम भावना के साथ काम करने हेतु एवम बच्चों में 20 तक पहाड़ा याद करने प्रोत्साहित करने टी20 मैथ्स क्लब हिंदी धारा प्रवाह के साथ पढ़ने हेतु फास्ट रीडिंग हिंदी क्लब, अंग्रेजी अच्छे से पढ़ने हेतु फास्ट रीडिंग इंग्लिश कल्ब का गठन किया गया है।

---

# राजपूत क्षत्रिय महासभा ने किया केंद्रीय युवा मंडल का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला



बीते रविवार को राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़, रहटादह द्वारा केंद्रीय कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए उपसमिति रायपुर उत्तर में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय युवा मंडल का गठन किया गया। जिसमें उपसमिति साजा के परपोड़ा निवासी जनपद सदस्य नीरज सिंह राजपूत को केंद्रीय युवा कोषाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया।

नीरज राजपूत सामाजिक व राजनीतिक गतिविधि में लगातार सक्रिय रहते है। जहां इन्होंने बजरंग सिंह बैस के पिछले कार्यकाल में बेमेतरा जोन में मीडिया सहप्रभारी के रूप में सामाजिक की गतिविधि को आगे बढ़ाया साजा उपसमिति में मनोनीत सदस्य रहे। फिर से नई जिम्मेदारी जहां युवा टीम में उन्हें रखा गया है। समाज के युवाओं को सामाजिक के साथ अन्य गतिविधि में जोड़कर समाज को आगे दिशा की ओर ले जाने की जिम्मेदारी दी गई। जिसमें नवनियुक्त पदाधिकारियों में महेश सिंह को केंद्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रांशु क्षत्रिय और पीयूष ठाकुर को उपाध्यक्ष, अमन सिंह ठाकुर उपसचिव, मंगल सिंह संगठन सचिव, समित सिंह राजपूत को सह सचिव तथा सत्यम सिंह को प्रचार सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस, केंद्रीय कोषाध्यक्ष नीरज सिंह क्षत्रिय, शिवेंद्र सिंह थानेदार विधानसभा थाना रायपुर केंद्रीय युवा अध्यक्ष अनुराग सिंह ठाकुर एवं केंद्रीय सचिव महेंद्र सिंह ठाकुर सहित महासभा व उपसमिति उत्तर रायपुर के पदाधिकारी वरिष्ठ जन उपस्थित रहे। उन्होंने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर व फूलमालाओं से उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में मौजूद सभी सदस्यों ने समाज के विकास व उत्थान के लिए अपने पद की जिम्मेदारी को निष्ठा एवं ईमानदारी से निभाने का संकल्प भी लिया।

---

# पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पर्यावरण प्रेमी संगठन का अनुकरणीय कार्य : सीईओ अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला पंचायत सीईओ टीसी अग्रवाल रविवार को ग्राम पंचायत कठिया पहुचें। उन्होंने हाईस्कूल परिसर में पर्यावरण प्रेमी संगठन द्वारा विकसित किए जा रहे ऑक्सीजन जोन का निरीक्षण कर पौधारोपण किया। सीईओ अग्रवाल ने जनसहभागिता से तैयार हो रहे ऑक्सीजन जोन की सराहना करते हुए संगठन को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। संगठन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू ने बताया कि ऑक्सीजन जोन के समीप हैंडपंप की आवश्यकता जताई गई थी, जिस पर सीईओ ने सहमति दी है। साथ ही उन्होंने जल संरक्षण को लेकर वाटर हार्वेस्टिंग कार्यों को भी अपनाने प्रेरित किया। इसके पश्चात अग्रवाल भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. वर्मा के निवास पहुचें, जहां उनका स्वागत डॉ. वर्मा, कृष्ण कुमार साहू, गणेश सेठ, जनपद सदस्य विद्या विजय रात्रे, पूर्व उपसरपंच अश्वनी दास मानिकपुरी, पंच गणेश साहू, राजेश, प्रकाश, ओमप्रकाश, राजेंद्र निषाद, विनोद सेन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने किया।

चर्चा में मनरेगा में संगठन की भागीदारी और शासन की योजनाओं से पंचायत एवं संगठन को मिलने वाली सुविधाओं पर विचार किया गया। संगठन के सदस्य गणेश सेठ ने बताया कि सीईओ अग्रवाल से मुलाकात से संगठन को नई ऊर्जा मिली है। आने वाले दिनों में जिला कलेक्टर, वनमंडल अधिकारी और जिला प्रभारी मंत्री को भी ऑक्सीजन जोन में वृक्षारोपण हेतु आमंत्रित किया जाएगा।

### कुर्मी समाज के लोगों ने किया पौधारोपण

**बेमेतरा।** सिंघरौर कुर्मी क्षत्रिय समाज के पदाधिकारियों द्वारा कुर्मी भवन कंतेली में रविवार को पौधारोपण किया गया। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम लगाकर अपनी धरती मां को हरा भरा करने का संकल्प लिया। पर्यावरण के प्रति



जागरूकता प्रकृति ही जीवन है। जिसमें निर्वाचन अधिकारी मोहित वर्मा केंद्रीय सदस्य राजेंद्र वर्मा, खेमराज वर्मा, हेमसिंग वर्मा, ललित वर्मा, रीना मिथलेश वर्मा, परिक्षेत्रिय अध्यक्ष अजय वर्मा, लीलाराम वर्मा, योगेश वर्मा, गुरेंद्र वर्मा, चंद्रकुमार वर्मा, महेश वर्मा, देवचरण वर्मा अन्य सामाजिक बहल वर्मा, रामसहाय वर्मा,बीरबल वर्मा, और सभी कुर्मी समाज के सदस्य उपस्थित थे।

---

**पौधारोपण करने के साथ देखरेख करते रहना बहुत बढ़ा काम**

# आत्मानंद स्कूल में 51 पौधों का रोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

हरिभूम न्यूज ▶▶| बेमेतरा



नगर में जल जंगल जमीन के लिए लगातार काम कर रहे समाज सेवी संस्था द्वारा डां. एल आर साहू के पिता के पुण्य स्मृति एवं पुत्र के जन्मदिन पर खिलोरा रोड सिंघोरी स्थित स्थानीय आत्मांनद स्कूल मैदान में विभिन्न प्रजाति के 51 नग पौधारोपण किया गया साथ ही पौधो के संरक्षण व संवर्धन के लिए शपथ लिया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मा. रामकृस्ण साहू वरिस्ठ पुलिस अधिक्षक, विशिष्ट अतिथि मा. संजय पांडे कार्यवाहक दुर्ग विभाग आर एस एस, मा. विजय सिन्हा नपाध्यक्ष बेमेतरा व संस्था सर्वकालीन अध्यक्ष डां सुभाष चौबे, सजेस स्कूल के संस्था प्रमुख चंद्राकर जी मंचस्थ रहे। कार्यक्रम के प्रांरभ में संस्था के कार्य व पेड पौधे व स्वच्छता के लिए किए जा रहे प्रतिदिन के किए जाने वाले कार्यो से अवगत कराया गया। सबसे पहले उदबोधन में सजेस स्कूल के प्रचार्य चंद्राकर ने कहा कि सहयोग व पौधारोपण के लिए दानदाता के द्वारा किए जा रहे प्रयास से हमारा स्कूल न केवल हराभरा रहेगा बल्कि सुरक्षा के लिए लिहाज से भी बेहतर होगा। आर एस एस के कार्यावाहका गंगाधर यादव ने प्रकृति के प्रति किए जाने वाले सेवा में से एक पौधारोपण के कार्य को सराहा। संभाग कार्यावाहक संजय पांडे ने कहा कि आज हमे रोजी रोटी, कपड़ा मकान के बारे में बात करना छोड़ देना चाहिए सभी इस दौर से उपर उठ रहे है। इस समय का सबसे अहम काम है प्रकृति की रक्षा व इसके संसाधनों को बचाने का । सहयोग का हम सबके लिए प्रेरणादायक कार्य पौधा रोपण करने के साथ देखरेख करते रहना बहूत बढ़ा काम है। मुख्यअतिथि वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक रामकृस्ण साहू ने कहा कि पौधो को लगाना बडी बात नही है बडी बात है पौधो की सुरक्षा, नियमित देखरेख करना है। पौधे बच्चो की तरह होते है। जिस तरह बच्चों को लालन पालन की जरूरत होती है उसी तरह पेड़ पौधों का देखरेख करना जरूरी होता है। वनविहीन जिला में हरयाली बिखरने के लिए हो रहा सतत प्रयास के लिए संहयोग के सभी सदस्य बधाई के पात्र है। अंत में सभी अतिथितियो को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया । सहयोग के अध्यक्ष डां सुभास चौबे ने कहा कि हम 2018 से सभी सदस्य प्रतिदिन प्रातः का एक घंटा शहर को देते आ रहे है। साल भर हम सब मिलकर काम करते है। जिस तरह से लोगो का मदद मिला है। उससे हम सभी का उत्साहवर्धन हुआ है। बताना होगा कि डां एल आर साहू द्वारा अपने पिता भूकलू राम साहू के पुण्य स्मरण एवं पुत्र दोवेन्द्र साहू के जन्मदिन पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ धेराबंदी के साथ 51 पौधा लगाने के लिए मदद किया है। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र छात्राएं , संस्था के सदस्य, डॉ. साहू के विभिन्न स्थानों से आए अतिथि और नगर जनों ने पौधारोपण कार्यक्रम में अपना योगदान दिया।

